**2022**

# HINDI

## ( Skill Enhancement )

Paper : HIN–SE–5014

**( रंग आलेख एवं रंगमंच )**

*Full Marks* : 50

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

   (क) हिन्दी का पहला प्रतीक धर्मी नाटक कौन-सा है?

   (ख) भारतेन्दु द्वारा रचित किसी एक प्रहसन का नाम लिखिए।

   (ग) 'राज्यश्री' नाटक के रचयिता कौन हैं?

   (घ) किसी एक ऐतिहासिक नाटककार का नाम लिखिए।

   (ङ) संकलन-त्रय से क्या अभिप्राय है?

   (च) रंग-निर्देश क्या है?

   (छ) भारतेन्दु नाट्य अकादमी कहाँ स्थित है?

   (ज) पृथ्वी थियेटर की नींव किसने रखी थी?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) एकांकी की परिभाषा दीजिए।

(ख) काव्य नाटक की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'सिन्दूर की होली' के रचयिता कौन हैं और वह किस प्रकार का नाटक है?

(घ) 'यक्षगान' क्या है? उसकी एक विशेषता लिखिए।

(ङ) मोहन राकेश द्वारा रचित किन्हीं दो नाटकों के नाम लिखिए।

(च) रंगमंच की भाषा की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) हिन्दी रंगमंच के संदर्भ में पारसी थियेटर की भूमिका पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) हिन्दी नाटक में उभरने वाली सांस्कृतिक प्रवृत्ति पर विचार कीजिए।

(ग) हिन्दी नाटक के सरकारी मंच पर प्रकाश डालिए।

(घ) नाटक के मंचन के संदर्भ में रंग-सज्जा के महत्त्व का आकलन कीजिए।

(ङ) रेडियो नाटक की उपयोगिता के बारे में लिखिए।

(च) राष्ट्रीय नाट्यविद्यालय पर टिप्पणी लिखिए।





**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) प्रसाद युगीन नाटकों की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विस्तार से लिखिए।

(ख) हिन्दी नाटक को भारतेन्दु की देन का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) नाटक के प्रमुख प्रकारों पर सविस्तार लिखिए।

(घ) हिन्दी-क्षेत्र की प्रसिद्ध रंगशालाओं के बारे में चर्चा कीजिए।

(ङ) रंगमंच पर निर्देशक एवं अभिनेता की भूमिका पर विचार कीजिए।

(च) रंग आलेख में संवाद-लेखन के वैशिष्ट्य पर विचार कीजिए।

(छ) नाटक की रंग-प्रस्तुति के संदर्भ में ध्वनि-व्यवस्था और प्रसाधन के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) हिन्दी के समस्यामूलक तथा एबसर्ड नाटकों पर एक निबंध लिखिए।

★★★